## 4 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पीपलू थाने के तीन पुलिसकर्मी और एक कांस्टेबल थाना घाड़ को लाइन हाजिर किया है।

मामला ड्यूटी में लापरवाही बरतने से तथा अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले से सम्बन्धित बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को पीपलू थाना क्षेत्र के गहलोद गांव में 15 से 20 लोगों ने हथियारों से दो युवकों पर हमला कर दिया था।

इस हमले में गंभीर रूप से घायल मुकेश जाट की मंगलवार रात जयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद मुकेश जाट के परिजनो व ग्रामीणो ने बुधवार को शव को सडक पर रखकर हंगामा कर दिया तथा धरना देकर प्रदर्शन किया।

मामले की गम्भरता को देखते हुए एडीएम, एएसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की, लेकिन ग्रामीणों ने एक पुलिसकर्मी पर हमलावरों से मिलीभगत का आरोप लगाया था।

जिसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने चार पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करते हुए लाइन हाजिर कर दिया।

# रथ यात्रा गांवों में पहुंची, विधायक कुलदीप धनकड़ ने योजनायों का फीडबैक लिया

**पावटा।** राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढता राजस्थान-हमारा राजस्थान' अभियान के तहत बुधवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के तुलसीपुरा, ठीकरिया, वीर तेजाजी नगर, पाछूडाला, कारोली होते हुए गुरुवार को राजनौता, कैरोडी, प्रेमनगर, मंढा में विकास रथ यात्रा पहुंची। इस विकास रथ यात्रा के

**■ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के तुलसीपुरा, ठीकरिया, वीर तेजाजी नगर, पाछूडाला, कारोली होते हुए गुरुवार को राजनौता, कैरोडी, प्रेमनगर, मंढा में विकास रथ यात्रा पहुंची।**

पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकास रथ यात्रा व विधायक कुलदीप धनकड का भव्य स्वागत किया। विधायक कुलदीप धनकड ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर एक-एक कर केन्द्र और राज्य सरकार की सभी विकास एवं व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ राशि और इससे धरातल पर आए परिवर्तन के सम्बंध में फीडबैक लिया। सभी ग्रामीणों ने बताया कि योजनाओं का समय पर लाभ मिल रहा है। जगह-जगह जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सहभागिता का प्रतीक बना दिया। यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंच, वार्ड पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस विकास रथ के माध्यम से राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक पहलों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। विधायक धनकड ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। धनकड ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शिता की इस पहल से नीतियों और योजनाओं की वास्तविक जानकारी सीधे गांव तक पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत हो रहे हैं। सेवा सुशासन की इस विकास रथ यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की दिशा और सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए यह संदेश दिया कि शासन की उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लालचंद यादव ठिकरिया ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा परिवार में शामिल होने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता साथियों के स्वागत किया।

इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड, प्रभारी गिरिराज शर्मा, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, नायब तहसीलदार संजय खेदड, ईओ फतेह सिंह मीणा सहित विभिन्न विभागो के अधिकारियों कर्मचारियों सहित जिला उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष नरपत सिंह भागीरथ यादव, मुखराम धनकड, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह, उपप्रधान टिंटू सिंह व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



विधायक कुलदीप धनखड ने गांवों में लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

## सार-समाचार

### भाजपा की जिला कार्यशाला आयोजित

**टोंक।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता एससी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंदेल एवं पूर्व सफाई आयोग के सदस्य दीपक संगत रहे। वक्ताओं ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही पूर्व सतीश चंदेल ने कहा कि अटल का व्यक्तित्व, विचार एवं कृतित्व भारतीय राजनीति के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक निर्णयों एवं विकास कार्यों से देश को सशक्त नेतृत्व और सुशासन की दिशा मिली।भाजपा नेता दीपक संगत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के उन नेताओं में थे, जिनका व्यक्तित्व सत्ता से बडा और विचार दलों से ऊपर था। एक कुशल वक्ता के रूप में उनकी भाषा में कटुता नहीं, बल्कि तर्क, संवेदना और आत्मविश्वास झलकता था। संसद हो या जनसभा, उनकी वाणी विरोधियों को भी सुनने पर मजबूर कर देती थी। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा, तरुण टिक्किवाल, बिना छामुनिया, राधेश्याम चावला, नीलमा आमेरा, मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी, विष्णु चावला, धर्मराज गुर्जर, नंद लाल जाट, महावीर शर्मा, रतिराम पहाड़िया, जुली शर्मा, ममता शर्मा, उषा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकरी उपस्थित रहे।

### खुला कुआ बना जानलेवा खतरा

**पावटा।** ग्रामीण क्षेत्र तुलसीपुरा में खुले पड़े कुएं प्रशासन की लापरवाही का बडा उदाहरण बने हुए हैं। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। खुले कुएं राहगीरों, बच्चों और पशुओं के लिए लगातार जानलेवा खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों कुशाल गिठाला, राजु गिठाला, रवि गिठाला, रमेश गिठाला, अनिल गिठाला( युवा नेता), महेन्द्र, रामुतार गिठाला,राहुल गिठाला, बिनु, शीशराम गिठाला( गुरुजी ), ताराचंद सहित ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। बरसात और अंधेरे के समय इन खुले कुओं की पहचान मुश्किल हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। बीते दिनों क्षेत्र में एक और हादसा होते-होते टल गया, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों व मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले पड़े सभी कुओं को तत्काल ढकवाया जाए या उनके चारों ओर मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया जाए। साथ ही चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। अब सवाल यह है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा, या समय रहते इन जानलेवा कुओं पर कार्रवाई की जाएगी। जनता की सुरक्षा से जुड़ा यह मामला अब टालने योग्य नहीं रहा।

### चतुर्थ रात्रि जागरण हुआ

**टोंक।** अन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रन्यास समिति के तत्वाधान में बुधवार को अन्नपूर्णा पहाड़ी पर स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में चतुर्थ रात्रि जागरण का आयोजन मंदिर मठाधीश महंत कैलाश पुरी महाराज के सानिध्य में किया गया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बैरवा एवं प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वर्ष मनाए जाने वाले गणेश महोत्सव तक वर्ष पर्यंत होने वाले जागरणों की श्रृंखला में चतुर्थ रात्रि जागरण का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार श्याम शर्मा द्वारा प्रस्तुत भजन के साथ हुआ।

## चौमू में सड़क योजना में 741 बसावटों को लाभ मिला

**चौमू / कालाडेरा** ( निंस ) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिले में योजना के अंतर्गत हुए कार्य इसकी सफलता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। अब तक 2715 किलोमीटर लंबाई की सडकों का निर्माण कर 741 बसावटों को पक्की सडक सुविधा से जोडा गया है। योजना के प्रथम चरण में लगभग 369 करोड़ रुपये की लागत से 1981 किलोमीटर लंबी सडकों का निर्माण किया गया, जिससे 522 गांवों को मुख्य सडक नेटवर्क से जोडा गया। इसके बाद द्वितीय चरण में करीब 229 करोड़ रुपये की लागत से 734 किलोमीटर सडकें बनाई गईं और 207 गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया, जिससे दूरस्थ ग्रामीण इलाकों का विकास तेज हुआ। तृतीय चरण में लगभग 196 करोड़ रुपये की लागत से 251 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण किया गया। इससे यातायात अधिक सुरक्षित हुआ और ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया। वर्तमान में चौथे चरण के अंतर्गत लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से 5 किलोमीटर लंबी सडक का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे 2 गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना है। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर के सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से जिले में सड़क अवसंरचना को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि पक्की सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली है और भविष्य में भी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ कार्य जारी रहेंगे।

**■ योजना के प्रथम चरण में लगभग 369 करोड़ रुपये की लागत से 1981 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया**

## सुशासन दिवस पर शपथ ली

**टोंक।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 25 दिसम्बर को जयंती पर सुशासन दिवस रूप में मनाकर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुशासन शपथ दिलाई गई, जिसमें ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवा के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया गया। सभी उपस्थितजनों ने अटल के विचारों और आदर्शों को अपने कार्य में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## रैन बसेरे के रजिस्टर को चैक किया

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष श्री भँवरलाल बुगालिया एवं सचिव पवन कुमार जीनवाल के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश ने लीगल प्रभारी अमन मीणा को निर्देश दिया कि नगरपरिषद शाहपुरा में स्थित रैन बसेरा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करें। बुधवार की रात्रि 10.00 बजे लीगल प्रभारी अमन मीणा एवं अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने रैन बसेरा का निरीक्षण करने पर पाया कि रैन बसेरा में 30 रजाई तकिये मौजुद थे। टायलेट सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन सफाई व्यवस्था में कमी पाई गई। वहां पर उपस्थिति रजिस्टर भी उपलब्ध था। नेशनल हाईवे जयपुर बस स्टैंड के निकट रजनीश हॉस्पीटल की पुरानी बिल्डिंग के पास यात्रियों के आवागमन के पास ही रैन बसेरा है। रात्रिकालीन समय में यात्रियों के विश्राम के लिए नगरपरिषद शाहपुरा द्वारा संचालित रैन बसेरा की देखरेख नगरपरिषद के कर्मचारियों द्वारा की जाती है। नगरपरिषद द्वारा ठेकेप्रथा पर अन्नपूर्णा रसोईघर भी शाहपुरा में स्थित है। रात्रिकालीन रैन बसेरा में यात्रियों के लिए पिछले वर्ष अन्नपूर्णा रसोईघर के लिए निशुल्क टोकन सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

## पुलिसकर्मियों ने सुशासन की शपथ ली

**कोटपूतली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरूवार को सुशासन दिवस के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देशन में मनाई गई।

इस मौके पर एएसपी नाजिम अली खान के सुपरविजन में जिले के समस्त कार्यालयों व पुलिस थानों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिले के समस्त डीएसपी द्वारा अपने-अपने कार्यालयों तथा समस्त थानाधिकारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर सुशासन दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई एवं सुशासन की शपथ दिलवाई गई।

इस दौरान अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने पूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ सुशासन की शपथ ली।

कार्मिकों ने बिना भय एवं पक्षपात के राजकीय कार्यों के निष्पादन, नागरिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। शपथ के माध्यम से आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों के प्रयोग द्वारा राजकीय कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने का संकल्प लिया गया।

## कार्यक्रम सम्पन्न

**मनोहरपूर।** सेवा पखवाड़ा के तहत झोटवाड़ा पूरब मंडल में सुशासन रथ यात्रा पहुँची। कार्यक्रम में झोटवाड़ा विधानसभा प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, जिला संयोजक रामनिवास यादव, तहसीलदार जयपाल सिंह, विधानसभा संयोजक शंकर यादव, सहसंयोजक महेंद्र देवदां, मंडल अध्यक्ष रामफूल यादव, मंडल संयोजक रमेश टोडावता, आईटी संयोजक देवेंद्र शर्मा, निमेड़ा सरपंच ओंकारमल लंबा, उपाध्यक्ष रामनिवास शर्मा, गजेंद्र बुरी,जानकी लाल शर्मा ,सत्यनारायण पांडा , शक्ति केंद्र प्रमुख भैरू बुरी, तिर्लोक बागड़ा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बीजेपी के बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि व समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'सतीश पूनिया की राजस्थान से लेकर हरियाणा तक भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहीं'

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा के शाहपुरा में सांसद खेल महोत्सव में विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने देश के युवाओं पर गौरवान्वित होकर कहा कि दुनिया के हर खेल मंच पर भारत के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है।

राव राजेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की बेहतर खेल नीति की प्रशंसा कर युवाओं को खेलों से जुड़ने एवं जागरूक रहने की अपील करते हुए अपने संबोधन में भाजपा राजस्थान अध्यक्ष से लेकर भाजपा हरियाणा प्रभारी के रूप में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्ण निर्वहन करने वाले सतीश पूनियां के कुशल संगठनकर्ता नेतृत्व, मिलनसार व्यक्तित्व और परिश्रम की प्रशंसा की, जिसको लेकर ज्ञात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सतीश पूनिया की राजस्थान से लेकर हरियाणा तक भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस बात को लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह कुछ महीने पहले भाजपा हरियाणा प्रदेश कार्यालय पंचकुला में भी सतीश पूनियां को उनके परिश्रम एवं पार्टी के प्रति समर्पण को लेकर एक पार्टी की मीटिंग के अवसर पर बधाई देकर पीठ थपथपा चुके हैं।

सांसद खेल महोत्सव में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनकड़, हंसराज पटेल, महेंद्रपाल मीणा, देवीसिंह शेखावत, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, उपेन यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि, आमजन एवं खिलाडी उपस्थित रहे।



शाहपुरा में सांसद खेल महोत्सव का समापन सांसद राव राजेंद्र सिंह आदि की मौजूदगी में हुआ।

## देर रात तक खूब जमा कवि सम्मलेन

**टोंक।** बनास महोत्सव 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की और से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मुख्यालय स्थित कृषि आडिटोरियम में देर रात तक चला। कवि सम्मेलन का शुभारंभ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पूर्व सभापति नगर परिषद लक्ष्मी जैन एसडीएम हुक्मीचंद, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन सिंह एवं कवियों ने मां सरस्वती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया। कवि सम्मेलन में रायबरेली की कवयित्री कोमल नाजुक ने सरस्वती वंदना और मंच संचालक राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार ने प्रभु श्री राम वन्दना से सरस भावपूर्ण शुरुआत की।

कवि सम्मलेन में वीररस के विख्यात कवि वेदव्रत जी वाजपेयी लखनऊ ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता सुनाई। वही हास्य के धुरंधर कवि दिनेश देसी घी मध्य प्रदेश ने हास्य रस से परिपूर्ण काव्य पाठ कर श्रोताओं को हंस कर लोटपोट किया। इसी क्रम में हास्य के सूरत अजनबी जयपुर तथा मंच संचालक कवि प्रदीप पंवार ने भी ओतप्रोत कविता सुनाई तो खूब तालियों की गड़गड़ाहट हुई। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय शायर डॉ जिया टोंकी ने गजल, तरन्नुम में शायरी सुना कर खूब दाद पाई।

इस दौरान कवि सम्मलेन में कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका, एसडीएम हुकमीचंद रोलानिया, नगर परिषद की पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन सिंह, डॉ राजीव बंसल, भगवान भंडारी, रोहित कुमावत, भारत नरूका, एडवोकेट बेनी प्रसादगुर्जर, पवन सागर, बादल साहू, राधेश्याम चावला, सत्यनारायण नामा सहित काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।



बनास महोत्सव में कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति।

## सुशासन की शपथ ली

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरूवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर स्व. वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ भी ली गई। वक्ताओं ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं सुशासन के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

## सांभर में तुलसी पूजन जयंती मनाई

**सांभरझील, ( निसं)।** यह रेलवे स्टेशन रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शरद कालानी, देवयानी स्थित बड़ के बालाजी मंदिर के पुजारी विकास शर्मा, वीएचपी संयोजक सुनील शर्मा व दुर्गा वाहिनी दल की प्रमुख दिशा नेहरा के नेतृत्व में बालिकाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तुलसी पूजन जयंती कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास शर्मा व वरिष्ठ नेत्री सुनीता अग्रवाल ने तुलसी के पौधे के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। रोली व मोली के साथ तुलसी की पूजा की। इस मौके पर शरद कलानी ने कहा कि तुलसी के बिना भगवान विष्णु का पूजन अधूरा माना जाता है इसलिए इसका आध्यात्मिक महत्व तो है ही साथ ही घर में तुलसी का पौधा रखने से नकारात्मक ऊर्जा पूरी तरह से शून्य हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को ऐसे आयोजनों से और अधिक जोड़े जाने की जरूरत है ताकि समय-समय पर इसका सभी को लाभ प्राप्त हो सके।

## राठौड़ बने राज्य सदस्य

**फुलेरा।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग (एनवायरनमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज कमीशन - ) में राजस्थान को नया राज्य सदस्य मिला है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार फुलेरा निवासी श्री गोविंद सिंह राठोड को राज्य सदस्य (स्टेट मेंबर - राजस्थान) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नियम 2025 की धारा 22(क) के तहत की गई है। आदेश के अनुसार श्री राठौड़ का कार्यकाल 23 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2028 तक रहेगा। नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**चौमू / कालाडेरा।** नगर पालिका कालाडेरा में गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कि गई व नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों व सफाईकर्मियों द्वारा सुशासन की शपथ ली गई। इस मौके पर कालाडेरा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी निकिता वर्मा, कनिष्ठ सहायक रामफूल नासना, कम्प्युटर ऑपरेटर अंकित प्रधान सहित कस्बे के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**■ नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों व सफाईकर्मियों द्वारा सुशासन की शपथ ली**




नगर पालिका कालाडेरा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

## जादूगर ने दिखाये हैरतअंगेज कारनामे

**शाहपुरा।** उपखंड शाहपुरा के गणेशम सिनेमाघर में चल रहे विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट विकास व समां के शो में जादूगर ने गुरुवार को हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। जादू देखने के लिए बड़ी संख्या में स्कूल व कांलेज के विधार्थी आये। जादूगर सम्राट विकास अपनी जादू जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देश विदेशों में दिखाकर हजारों सफल शो कर चुके है। इस दौरान जादूगर सम्राट विकास ने कहा कि जादू कोई टोना-टोटका नहीं अपितु विज्ञान एवं कला का एक अनूठा संगम है। अपने मैजिक शो के माध्यम से लोगों का भरपूर स्वस्थ मनोरंजन करने का प्रयास करते है। स्टेज के माध्यम से वे लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,नशा मुक्ति,दहेज प्रथा तथा अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश देना भी नहीं भूलते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जादू के नाम पर लोगों को भ्रमित करने का कार्य करते है।

## 'अटल बिहारी वाजपेयी एक स्वच्छ छवि के राजनेता थे'

**चौमू/कालाडेरा।** भारत के यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती व महान योद्धा महाराजा सूरजमल जी के बलिदान दिवस रिंगस रोड स्थित अंकित रेस्टोरेंट पर भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व एक स्वच्छ छवि के नेता के रूप में था।

उनका मन कवि था और विचारों में प्रतिबद्धता थी। ग़रीब व्यक्ति के कार्य को सर्वांगीण विकास का मन रखकर करने का काम किया। साधारण शिक्षक के परिवार और साधारण गाँव में जन्म लेने के उपरांत भी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के प्रधानमंत्री का सफ़र तय किया। भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा अँधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और उनके विचारों को लेकर आज देश में माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार भी ग़रीब व्यक्ति तक अपनी योजनाओं का विस्तार करने का काम कर रही है।

इस दौरान उन्होंने महान योद्धा महाराजा सूरजमल जी के बलिदान को लेकर भी अपने विचार रखे। इस मौक़े पर नगर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष क़ालूराम जाट, सरपंच रमेश शर्मा, भगवान सहाय फौजी, राजेंद्र पाटनी, हनुमान बागड़ा, मोहनलाल यादव, रफीक़ नागौरी, पार्षद राहुल शर्मा, गजेन्द्र यादव, संदीप शर्मा, एन आर यादव, मुकेश चोपड़ा, आलोक जांगिड़, विनोद गोदारा, महेश शेरावत, मोहन जलुथरिया, धर्मेन्द्र बंजारा, राजेन्द्र गुलिया, दौलत जाट, मदन गोरा, बलदेव टांक, भगवान कुमावत, श्याम लाल कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, राकेश बराला, राजू प्रजापत, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**■ महाराजा सूरजमल जी का बलिदान दिवस और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामलाल शर्मा के नेतृत्व में मनाई।**